आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 08.02.2026 समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज क्वालालंपुर में मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय वार्ता कीं वार्ता के दौरान आपदा प्रबंधन, ऑडियोविजुअल सह–निर्माण, भ्रष्टाचार रोकथाम, सेमीकंडक्टर विकास और सुरक्षा सहित कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गएं प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि इससे आतंकवाद विरोधी गतिविधियों, खुफिया जानकारी साझा करने और रक्षा के क्षेत्र में दोनों पक्षों के बीच सहयोग बढ़ेगां प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऊर्जा, अवसंरचना, विनिर्माण और डिजिटल अर्थव्यवस्था के अलावा एआई और स्वास्थ्य तथा खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच सहयोग मजबूत होगां श्री मोदी ने सीईओ फोरम की बैठक को भी संबोधित कियां उन्होंने दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और आर्थिक संपर्कों को बढ़ावा देने की बात कहीं

...............

000

परीक्षा पे चर्चा 2026 का नवां संस्करण कल आयोजित किया जाएगां प्रधानमंत्री श्री मोदी सुबह 10 बजे विद्यार्थियों से बातचीत करेंगें प्रधानमंत्री का ये संवाद कार्यक्रम छात्र–छात्राओं को परीक्षा के तनाव से निपटने और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित करता हैं इस कार्यक्रम का दूरदर्शन, प्रधानमंत्री के यूट्यूब चैनल और शिक्षा मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइवटेलीकास्ट किया जाएगां इसका वेव्स ओटीटी सहित कई ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी सजीव प्रसारण किया जाएगां

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज अलवर दौरे पर हैं श्री शर्मा ने रामगढ़ पंचायत समिति के बहाला गांव में ग्राम उत्थान शिविर का जायजा लियां इस मौके पर मुख्यमंत्री जनसभा को भी संबोधित करेंगें मुख्यमंत्री का इसके बाद खैरथल–तिजारा के बघेरी कलां जाने का कार्यक्रम हैं इससे पहले, श्री शर्मा ने आज उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के साथ अलवर में अंतर्राष्ट्रीय टाइगर मैराथन का शुभारंभ कियां

000

जयपुर में चल रही अंतर्राष्ट्रीय पत्थर प्रदर्शनी–स्टोन मार्ट 2026 का आज समापन हो रहा हैं कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और उद्योग राज्यमंत्री के.के. विश्नोई मौजूद हैं पांच फरवरी से सीतापुरा स्थित जेईसीसी में शुरू हुई इस प्रदर्शनी में देश–विदेश के पांच सौ से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लियां इस दौरान राजस्थान के पत्थरों का विशेष पैवेलियन भी बनाया गयां

000

कोटा में हाड़ौती वन मेला आयोजित किया जा रहा हैं वन विभाग की ओर से लगाये गये इस मेले में कई तरह की जड़ी बूटियां, पौधों की प्रजातियां, उपकरण और वन उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई हैं मेले में शहद, बांस और लाख सहित अन्य वस्तुओं की बिक्री की जा रही हैं इसके साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वन संरक्षण, पर्यावरण जागरुकता और वन्यजीव सुरक्षा का संदेश लोगों तक पहुंचाया जा रहा हैं

000

जयपुर में कल राज्य स्तरीय वन मेला आयोजित किया जाएगां वन विभाग की ओर से सचिवालय में लगने वाला ये मेला दो दिन चलेगां मेले में वन और वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता, पौधरोपण, औषधीय पौधों के उपयोग और अन्य विषयों पर जानकारी दी जाएगीं मेले में उदयपुर, बांसवाड़ा, कोटा और बीकानेर सहित विभिन्न जिलों के वन मंडल, स्वयं सहायता समूह, गैर सरकारी संगठन और

संस्थाएं भाग लेंगीं राजस्थान के अलावा मेले में मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों की भी सहभागिता रहेगीं इस दौरान विभिन्न संस्थानों के स्टॉल्स लगाये जाएंगें इसके साथ ही पर्यावरण से जुड़े संवाद सत्र भी होंगें

000

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय, जयपुर का स्वर्ण जयंती समारोह कल से शुरू हुआं संस्थान ने पिछले पांच दशकों में आयुर्वेद को राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं कुलगुरू प्रोफसर संजीव शर्मा ने बताया कि मुख्य समारोह कल आयोजित होगां इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केन्द्रीय आयुष राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव शामिल होंगें

000